UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 32 विनायक दामोदर सावरकर (महान व्यक्तित्व)

अभ्यास-प्रश्न

प्रश्न 1:
सावरकर का जन्म कब और कहाँ हुआ?
उत्तर:
सावरकर का जन्म 28 मई, 1883 ई० को महाराष्ट्र के भागुर गाँव में हुआ था।

प्रश्न 2:
उन्हें कॉलेज से क्यों निकाला गया?
उत्तर:
सावरकर ने सन् 1905 में विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान किया तथा अपने साथियों के साथ मिलकर पूना शहर में विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। इस साहसपूर्ण घटना की न केवल पूना अपितु पूरे देश में जोरदार चर्चा हुई। इससे अँग्रेज अत्यन्त चिन्तित हो उठे; फलतः कॉलेज के अधिकारियों पर सावरकर को कॉलेज से निष्काषित करने के लिए दबाव डाला गया तथा उन्हें तत्काल निकाल दिया गया।

प्रश्न 3:
सावरकर द्वारा स्थापित मित्र मेला नामक संस्था के क्या उद्देश्य थे?
उत्तर:
सावरकर द्वारा स्थापित मित्र मेला नामक संस्था का एकमात्र उद्देश्य भारत के नवयुवकों में स्वाधीनता के प्रति चेतना उत्पन्न करना तथा उनके मन में अँग्रेजी शासन के विरोध प्रकट करने की शक्ति उत्पन्न करना था।

प्रश्न 4:
पानी के जहाज से वे कैसे भागे?
उत्तर:
सावरकर पानी के जहाज से भारत आते समय फ्रांस के मार्सलीज बन्दरगाह के पास शौचालय के रोशनदान से समुद्र के अथाह जल में कूदकर भागे।

प्रश्न 5:
सावरकर को जेल में क्या-क्या यातनाएँ भोगनी पड़ीं ?
उत्तर:
सावरकर ने अण्डमान के यातना कारागार में 11 वर्षों तक कठोर सजा भोगी। इन्हें कारागार में कोल्हू में बैल की जगह जोता जाता था और चक्की पीसनी पड़ती थी।

https://www.evidyarthi.in/